Date	Publication	Edition	Headline	Page
09-01-18	Veer Arjun	Delhi	Unique Atlas to give interesting news about Lok Sabha elections	26

अनूठी एटलस देगी लोकसभा चुनाव परिणामों की रोचक जानकारियां

नई दिल्ली, (भाषा)। स्वतंत्र भारत में हुये सभी लोकसभा चुनावों का मानचित्रों पर आधारित विश्लेषण अपने तरह की अनूठी एटलस की मदद से किया जा सकेगा। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त नसीम जैदी ने वर्ष 1952 से 2014 तक के सभी लोकसभा चुनाव परिणामों पर आधारित इस एटलस का आज लोकार्पण किया।

इलेक्शन एटलस ऑफ इंडियामें प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र के पहले आम चुनाव से लेकर अब तक के प्रत्येक चुनाव परिणाम की तथ्यवार जानकारी दी गयी है। इसमें प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र के चुनाव परिणामों का विश्लेषण मानचित्र की मदद से आधिकारिक आंकड़ों और अन्य तथ्यों के साथ किया गया है।

जैदी ने इसे एक उपयोगी संदर्भ पुस्तक बताते हुये कहा कि इसके माध्यम से न सिर्फ राजनीतिक विश्लेषकों बल्कि छात्रों को निर्वाचन संबंधी समग्र जानकारियां एक ही स्थान पर सुलभ हो सकेगी।

पुस्तक का प्रकाशन सूचना प्रोद्योगिकी की मदद से सामाजिक, आर्थिक और चुनावी सांख्यिकी से जुड़े आंकड़ों के प्रसार से संबद्ध संस्था डाटानेट इंडिया द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि एटलस में चुनाव से जुड़े विभिन्न तथ्यों, मतदाताओं, उम्मीदवारों और चुनाव परिणाम का विश्लेषण जीआईएस तकनीक की मदद से ग्राफ, चार्ट और विषयगत मानचित्रों के रूप में किया गया है। साथ ही चुनावों से जुड़ी तमाम रोचक कहानियां इस एटलस को अनूठा बनाती है। पुस्तक के संपादक आर के ठुकराल ने बताया कि एटलस में 2011 की जनगणना के जनसांख्यिकी आंकड़ों के आधार पर प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र का चुनाव परिणामों का विश्लेषण किया गया है।